प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 05.05.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी की चुनावी जीत को बताया ऐतिहासिक, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने असम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रदर्शन पर जताई खुशी।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भीषण गर्मी पर सख्त, अधिकारियों को पेयजल–बिजली और स्वास्थ्य सेवाएं दुरुस्त रखने का दिया निर्देश।
3. सीआईडी ने हजारीबाग ट्रेजरी घोटाले के छठे आरोपी को किया गिरफ्तार, डेढ़ करोड़ एफडी और 18 लाख से अधिक राशि फ्रीज।
4. रांची सहित राज्य के 17 जिलों में वज्रपात और बारिश के साथ तेज आंधी चलने की चेतावनी, ऑरेंज अलर्ट जारी।
5. रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड अंडर–17 टीम बनी उपविजेता, तमिलनाडु को हराकर फाइनल में बनाई जगह।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी की चुनावी जीत को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व बताया है। नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल, असम, पुदुचेरी, तमिलनाडु और केरल की जनता तथा पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देश के बीस से अधिक राज्यों में भाजपा–एनडीए की सरकारें सत्ता में हैं और पार्टी का मंत्र है "नागरिक ही भगवान है।"

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने असम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रदर्शन पर खुशी जताई है। चुनाव परिणाम के बाद उन्होंने वहां की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संघर्ष को और तेज करने का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमित समय और संसाधनों के बावजूद पार्टी ने 16 महत्वपूर्ण सीटों पर चुनाव लड़कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि बिना किसी बड़े गठबंधन के पहली ही कोशिश में 2 सीटों पर दूसरे स्थान पर रहना और 7 सीटों पर 15 हजार से अधिक मत प्राप्त करना पार्टी की बढ़ती स्वीकार्यता का संकेत है।

*******************

असम और पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत को पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने इस जीत को ऐतिहासिक बताते हुए जनता का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह जनता का स्पष्ट जनादेश है। चंपाई सोरेन ने कहा कि भाजपा सरकार देश की सुरक्षा और संप्रभुता के मुद्दों पर सख्ती से काम करेगी और अवैध घुसपैठ के खिलाफ कार्रवाई जारी रखेगी।

*******************

पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा जनता ने इस बार भयमुक्त शासन को चुना है।

*******************

देश के तीन राज्यों में भाजपा की शानदार जीत को लेकर सिमडेगा जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकालकर जीत का जश्न मनाया। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक पुरी ने कहा कि भाजपा के सशक्त नेतृत्व और मातृ शक्ति की जीत है–

*******************

झारखंड में बढ़ती गर्मी को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वरीय अधिकारियों और सभी उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिया कि राज्य में पेयजल, बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की कमी न हो। साथ ही जल स्रोतों की नियमित मॉनिटरिंग कर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा। मुख्यमंत्री ने निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने और हीटवेव से निपटने के लिए अस्पतालों में पर्याप्त दवाइयों, उपकरणों और स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

*******************

हजारीबाग कोषागार अवैध निकासी मामले में सीआईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छठे आरोपी सौरभ कुमार सिंह, को गिरफ्तार किया है। सीआईडी जांच में सामने आया है कि आरोपी के खाते में करीब डेढ़ करोड़ रुपये का फिक्स्ड डिपॉजिट किया गया है, जबकि लगभग 18 लाख 86 हजार रुपये की राशि फ्रीज की गई है। इससे

पहले इस मामले में पांच अन्य आरोपियों शंभू कुमार, काजल कुमारी, रजनीश कुमार सिंह उर्फ पंकज सिंह, खुशबू सिंह और धीरेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया जा चुका है।

*******************

सरायकेला स्थित राजनगर अस्पताल में टॉर्च और मोबाइल की रोशनी में ऑपरेशन किए जाने की घटना पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कड़ा संज्ञान लिया है। मंत्री ने मामले में प्रभारी चिकित्सक को निलंबित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि वैकल्पिक बिजली व्यवस्था होने के बावजूद इस तरह की लापरवाही अस्वीकार्य है और इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही उपायुक्त को पूरे मामले की जांच कराने और अस्पतालों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

*******************

रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक ने जनगणना 2026 के प्रथम चरण 'आवास गणना' के तहत स्व–गणना फॉर्म भरकर अभियान में अपनी भागीदारी दर्ज की। उन्होंने नागरिकों से ऑनलाइन माध्यम से स्व–गणना करने और जनगणना टीम को सही और पूर्ण जानकारी देने की अपील की।

*******************

मौसम विभाग ने आज रांची सहित खूंटी, हजारीबाग, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला समेत 17 जिलों में तेज आंधी चलने का अनुमान जताया है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है।

विभाग के अनुसार साइक्लोनिक सर्कुलेशन के प्रभाव से झारखंड में मई महीने की शुरुआत से ही मौसम सुहाना बना हुआ है। 9 मई तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में तापमान में कमी रहने की संभावना जताई है।

*******************

छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित 11वीं राष्ट्रीय सब जूनियर अंडर–15 एवं जूनियर अंडर–17 नाइन ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की अंडर–17 बालक टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब हासिल किया है।

सेमीफाइनल में तमिलनाडु को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया।

*******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित होने वाले सभी अखबारों ने पांच राज्यों की विधानसभा चुनाव के नतीजों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है – टीएमसी को झाल, भाजपा को मुड़ी

दैनिक भास्कर ने लिखा है––दीदीगिरी खत्म...बंगाल में भाजपा 200 पार, तमिलनाडु में सुपरस्टार विजय को 107 सीटें।

दैनिक जागरण ने लिखा– बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार

हिन्दुस्तान की सुर्खी है टीएसपीसी का सबजोनल कमांडर गिरफ्तार।

वहीं अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने चुनावी परिणामों को पहले पन्ने पर जगह दी है।

*****************